दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय
गोरखपुर-273001
(नैक प्रत्यायित 'B++' श्रेणी)

सम्बद्ध

दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर

☎ & Fax : 0551-2334549
: 09792987700
e-mail : dnpggkp@gmail.com
website : www.dnpgcollege.edu.in

दिनांक : 18.02.2026

प्रकाशनार्थ

दिनांक 18.02.2026 गोरखपुर। दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय **के राजनीति विज्ञान विभाग** ने **भारत में स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव तथा निर्वाचन आयोग एस.आई.आर. प्रक्रिया** के विशेष संदर्भ में **विशिष्ट व्याख्यान** का सफल आयोजन किया। इस अवसर पर **सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु सिद्धार्थनगर के सहायक आचार्य, डॉ. अविनाश प्रताप सिंह** ने छात्रों को संबोधित करते हुए लोकतंत्र की मूलभूत आधारशिला–स्वतंत्र चुनावों की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला।

डॉ. सिंह ने संबोधन की शुरुआत भारत के संवैधानिक ढांचे से की, जहां अनुच्छेद 324 के तहत निर्वाचन आयोग (ई.सी.आई.) को स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव कराने का पूर्ण अधिकार प्राप्त है। उन्होंने बताया कि स्वतंत्रता के बाद ईसीआई ने लोकसभा एवं असंख्य विधानसभा चुनावों को सफलतापूर्वक संपन्न कराया है, जो विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र की अभूतपूर्व उपलब्धि है। विशेष गहन पुनरीक्षण (एस.आई.आर.) प्रक्रिया का उद्देश्य मतदाता सूची को शुद्ध, सटीक एवं अद्यतन बनाना है, जिसमें डुप्लिकेट नाम, मृत मतदाताओं के नाम हटाना, नए पात्र मतदाताओं को जोड़ना तथा स्थानांतरण सुधार शामिल हैं।

डॉ. सिंह ने जोर दिया कि शहरीकरण, पलायन, मृत्यु, डुप्लिकेट प्रविष्टियां या असंतुलन के कारण सामान्य वार्षिक पुनरीक्षण अपर्याप्त सिद्ध होता है, अतएव एस.आई.आर. एक व्यक्ति, एक वोट सिद्धांत को सशक्त बनाता है। 2005 के आरटीआई अधिनियम के माध्यम से ई.सी.आई. ने चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित कर भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाया है। डिजिटल युग में फेक न्यूज एवं सोशल मीडिया दुरुपयोग से उत्पन्न खतरे के बीच आरटीआई लोकतंत्र का मजबूत रक्षक बन सकता है। उन्होंने ई.सी.आई. की स्वायत्तता पर चर्चा करते हुए सुझाव दिया कि एसआईआर के तहत डिजिटल प्लेटफॉर्म पर रीयल–टाइम डेटा उपलब्ध कराया जाए, जिससे नागरिक सक्रिय भागीदार बनें।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के **प्राचार्य प्रो. ओम प्रकाश सिंह** ने व्याख्यान को अत्यंत प्रासंगिक बताते हुए छात्रों से लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा का संकल्प लेने का आह्वान किया। **कार्यक्रम का संचालन डॉ. शैलेश कुमार सिंह** ने तथा **आभार ज्ञापन विभाग प्रभारी श्री इंद्रेश पाण्डेय** ने किया। इस अवसर पर डॉ. अखिल कुमार श्रीवास्तव, डॉ. प्रियंका सिंह, श्वेता सिंह तथा विभाग के समस्त छात्र/छात्राएं उपस्थित रहे।

डॉ.(शैलेश कुमार सिंह)
प्रभारी, सूचना एवं जनसम्पर्क